भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 759**

**दिनांक 04.12.2025 को उत्तर के लिए नियत**

**कर्नाटक में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम**

**759. श्री बी. वाई. राघवेन्द्र:**

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान कर्नाटक में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के अंतर्गत कुल कितनी मार्जिन राशि (एमएम) राजसहायता संवितरित की गई है और सहायता प्राप्त सूक्ष्म उद्यमों की जिला-वार संख्या कितनी है और अनुमानत: कितना रोजगार सृजन हुआ है;

(ख) कर्नाटक में पीएमईजीपी के अंतर्गत शामिल लाभार्थियों का, अनुसूचित जातियों (एससी), अनुसूचित जनजातियों (एसटी), अन्य पिछड़ा वर्गों (ओबीसी) और महिलाओं का श्रेणी-वार ब्यौरा सहित, जिला-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) कर्नाटम में पीएमईजीपी की पहुंच और प्रभाव को बढ़ाने के लिए नए उद्यमियों को समर्थन देने और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के विकास को बढ़ावा देन के उपायों सहित क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री**

**(सुश्री शोभा करांदलाजे)**

**(क)** : विगत तीन वर्षों अर्थात वित्त वर्ष 2022-23 से वित्त वर्ष 2024-25 तक कर्नाटक राज्य में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के अंतर्गत संवितरित कुल मार्जिन मनी (एमएम) सब्सिडी, सहायता-प्राप्त सूक्ष्म उद्यमों की संख्या और सृजित अनुमानित रोजगार का जिला-वार विवरण **अनुलग्नक- I** में है।

**(ख)**: पिछले तीन वर्षों अर्थात वित्त वर्ष 2022-23 से वित्त वर्ष 2024-25 तक कर्नाटक राज्य में पीएमईजीपी के अंतर्गत जिला-वार और श्रेणी-वार कवर किए गए लाभार्थियों का विवरण **अनुलग्नक- II** में है।

**(ग)**: कर्नाटक सहित देश-भर में सूक्ष्म उद्यमों की वृद्धि और विकास को सुनिश्चित करने के लिए पीएमईजीपी के अंतर्गत एमएसएमई मंत्रालय द्वारा अपनी पहुंच और प्रभाव को बढ़ाने हेतु उठाए गए कदम निम्नानुसार हैं:

i. विनिर्माण क्षेत्र के लिए अधिकतम परियोजना लागत को 25 लाख रुपये से बढ़ाकर 50 लाख रुपये किया गया है और सेवा क्षेत्र के लिए इसे 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये कर दिया गया है।

ii. उच्च सब्सिडी के लिए पात्र विशेष श्रेणी के अंतर्गत आकांक्षी जिलों और ट्रांसजेंडरों के आवेदकों को शामिल करना।

iii. जून 2025 से हिंदी और अंग्रेजी को छोड़कर 19 क्षेत्रीय भाषाओं में लाभार्थियों से वास्तविक रूप में पीएमईजीपी आवेदनों की स्वीकृति।

iv. पशु-पालन के अंतर्गत डेयरी, कुक्कुट-पालन, जलीय कृषि और रेशम उत्पादन जैसे और अधिक गतिविधियों को अनुमति देने के लिए नकारात्मक सूची में संशोधन करके गतिविधियों के दायरे का विस्तार करना। विशेष व्यवस्था के रूप में, पूर्वोत्तर क्षेत्र में आजीविका का एक प्रमुख स्रोत सुअर पालन को पूर्वोत्तर राज्यों में अनुमति दी गई है।

v. विभिन्न उद्योगों पर विस्तृत परियोजना रिपोर्ट के 1,000 से अधिक मॉडल की एक विस्तृत श्रृंखला तैयार की गई है और इसे पीएमईजीपी ऑनलाइन पोर्टल पर उपलब्ध कराया गया है, ताकि आवेदक गुणवत्तापूर्ण डीपीआर प्रस्तुत कर सकें।

vi. वित्त, उत्पादन, विपणन, उद्यम प्रबंधन आदि जैसे विभिन्न प्रबंधकीय और प्रचालनात्मक कार्यों से संबंधित अभिविन्यास और जागरूकता प्रदान करने के लिए भावी उद्यमियों और लाभार्थियों को उद्यमिता विकास कार्यक्रम (ईडीपी) प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।

vii. पिछड़े और कम प्रदर्शन वाले क्षेत्रों, आकांक्षी जिलों, पूर्वोत्तर क्षेत्र आदि सहित सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम करना।

*****

अनुलग्नक I: दिनांक 04.12.2025 को उत्तरार्थ लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 759 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित।

कर्नाटक राज्य में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के अंतर्गत संवितरित कुल मार्जिन मनी (एमएम) सब्सिडी, सहायता-प्राप्त सूक्ष्म उद्यमों की संख्या और सृजित अनुमानित रोजगार का जिला-वार विवरण:

| जिला | 2022-23 | | | 2023-24 | | | 2024-25 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | संवितरित मार्जिन मनी सब्सिडी (रुपये करोड़ में) | सहायता प्राप्त सूक्ष्म उद्यमों की संख्या | अनुमानित सृजित रोजगार | संवितरित मार्जिन मनी सब्सिडी (रुपये करोड़ में) | सहायता प्राप्त सूक्ष्म उद्यमों की संख्या | अनुमानित सृजित रोजगार | संवितरित मार्जिन मनी सब्सिडी (रुपये करोड़ में) | सहायता प्राप्त सूक्ष्म उद्यमों की संख्या | अनुमानित सृजित रोजगार |
| बागलकोट | 7.89 | 348 | 2,784 | 6.31 | 233 | 1,864 | 5.16 | 214 | 1,712 |
| बैंगलोर | 13.19 | 264 | 2,112 | 17.48 | 272 | 2,176 | 9.31 | 135 | 1,080 |
| बैंगलोर ग्रामीण | 3.22 | 82 | 656 | 6.05 | 113 | 904 | 3.82 | 65 | 520 |
| बेलगाम | 20.68 | 708 | 5,664 | 18.01 | 507 | 4,056 | 9.57 | 319 | 2,552 |
| बेल्लारी | 6.80 | 348 | 2,784 | 4.31 | 221 | 1,768 | 1.74 | 93 | 744 |
| बीदर | 3.56 | 127 | 1,016 | 4.15 | 122 | 976 | 1.94 | 84 | 672 |
| बीजापुर | 7.59 | 391 | 3,128 | 5.60 | 252 | 2,016 | 3.85 | 173 | 1,384 |
| चामराज नगर | 1.72 | 78 | 624 | 3.23 | 111 | 888 | 1.42 | 51 | 408 |
| चिक्कबल्लपुर | 3.89 | 74 | 592 | 3.22 | 68 | 544 | 2.33 | 49 | 392 |
| चिकमंगलूर | 4.98 | 170 | 1,360 | 4.65 | 152 | 1,216 | 3.31 | 84 | 672 |
| चित्रदुर्ग | 3.47 | 114 | 912 | 1.93 | 69 | 552 | 1.17 | 37 | 296 |
| दक्षिण कन्नड़ | 11.48 | 331 | 2,648 | 13.95 | 362 | 2,896 | 6.81 | 146 | 1,168 |
| दावणगेरे | 4.31 | 117 | 936 | 4.24 | 114 | 912 | 2.84 | 65 | 520 |
| धारवाड़ | 3.84 | 191 | 1,528 | 3.57 | 134 | 1,072 | 1.90 | 82 | 656 |
| गडग | 2.45 | 94 | 752 | 2.24 | 78 | 624 | 1.73 | 78 | 624 |
| गुलबर्गा | 1.41 | 85 | 680 | 1.77 | 65 | 520 | 1.19 | 68 | 544 |
| हसन | 4.23 | 139 | 1,112 | 3.12 | 91 | 728 | 2.54 | 70 | 560 |
| हावेरी | 3.93 | 178 | 1,424 | 2.86 | 120 | 960 | 1.33 | 62 | 496 |
| कोडागू | 2.10 | 69 | 552 | 2.21 | 64 | 512 | 0.54 | 17 | 136 |
| कोलार | 2.84 | 96 | 768 | 2.67 | 68 | 544 | 2.23 | 52 | 416 |
| कोप्पल | 2.27 | 91 | 728 | 1.61 | 68 | 544 | 2.32 | 79 | 632 |
| मंड्या | 4.33 | 122 | 976 | 3.93 | 99 | 792 | 3.86 | 77 | 616 |

| जिला | 2022-23 | | | 2023-24 | | | 2024-25 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मैसूर | 3.67 | 118 | 944 | 3.71 | 119 | 952 | 1.93 | 51 | 408 |
| रायचूर | 2.48 | 86 | 688 | 2.85 | 76 | 608 | 1.40 | 51 | 408 |
| रामनगर | 3.01 | 96 | 768 | 3.12 | 117 | 936 | 2.24 | 59 | 472 |
| शिमोगा | 10.61 | 337 | 2,696 | 9.92 | 285 | 2,280 | 5.76 | 154 | 1,232 |
| तुमकुर | 3.79 | 110 | 880 | 4.25 | 107 | 856 | 2.61 | 57 | 456 |
| उडुपी | 9.82 | 319 | 2,552 | 10.25 | 291 | 2,328 | 4.24 | 130 | 1,040 |
| उत्तर कन्नड़ | 6.04 | 231 | 1,848 | 4.62 | 171 | 1,368 | 3.35 | 128 | 1,024 |
| विजयनगर | 0.20 | 10 | 80 | 0.95 | 34 | 272 | 1.17 | 50 | 400 |
| यदगिरी | 1.74 | 94 | 752 | 1.84 | 89 | 712 | 1.09 | 59 | 472 |
| **योग** | **161.54** | **5,618** | **44,944** | **158.62** | **4,672** | **37,376** | **94.67** | **2,839** | **22,712** |

अनुलग्नक II: दिनांक 04.12.2025 को उत्तरार्थ लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 759 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित।

कर्नाटक राज्य में पीएमईजीपी के अंतर्गत सहायता-प्राप्त जिला-वार, श्रेणी-वार और महिला लाभार्थियों का विवरण:

| जिला | 2022-23 | | | | 2023-24 | | | | 2024-25 | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | महिला | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | महिला | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | महिला |
| बागलकोट | 182 | 65 | 12 | 112 | 117 | 48 | 10 | 82 | 55 | 86 | 42 | 56 |
| बैंगलोर | 108 | 55 | 8 | 142 | 130 | 44 | 7 | 133 | 56 | 47 | 9 | 59 |
| वैंगलोर ग्रामीण | 51 | 22 | 1 | 30 | 65 | 19 | 10 | 45 | 32 | 23 | 5 | 28 |
| बेलगाम | 355 | 120 | 23 | 219 | 292 | 80 | 26 | 171 | 136 | 100 | 33 | 99 |
| बेल्लारी | 183 | 86 | 62 | 121 | 111 | 59 | 38 | 75 | 30 | 24 | 31 | 35 |
| बीदर | 60 | 24 | 18 | 39 | 55 | 29 | 9 | 38 | 24 | 26 | 20 | 26 |
| बीजापुर | 186 | 128 | 3 | 114 | 127 | 83 | 5 | 82 | 64 | 71 | 19 | 42 |
| चामराज नगर | 47 | 23 | 7 | 21 | 67 | 30 | 11 | 40 | 31 | 15 | 4 | 15 |
| चिक्कल्लपुर | 36 | 22 | 10 | 25 | 29 | 17 | 10 | 23 | 14 | 21 | 11 | 10 |
| चिकमंगलूर | 114 | 27 | 5 | 60 | 87 | 36 | 6 | 55 | 40 | 27 | 4 | 23 |
| चित्रदुर्ग | 53 | 26 | 22 | 33 | 29 | 14 | 17 | 23 | 8 | 15 | 11 | 12 |
| दक्षिण कन्नड़ | 165 | 12 | 9 | 97 | 193 | 9 | 14 | 124 | 50 | 15 | 14 | 52 |
| दावणगेरे | 78 | 16 | 9 | 41 | 55 | 23 | 18 | 35 | 23 | 30 | 9 | 17 |
| धारवाड़ | 97 | 30 | 10 | 76 | 71 | 20 | 7 | 56 | 29 | 36 | 9 | 29 |
| गडग | 53 | 24 | 4 | 25 | 44 | 16 | 10 | 16 | 22 | 37 | 13 | 22 |
| गुलबर्गा | 42 | 32 | 1 | 26 | 23 | 16 | 3 | 24 | 24 | 32 | 4 | 16 |
| हसन | 95 | 27 | 3 | 42 | 58 | 24 | - | 37 | 37 | 22 | 5 | 22 |
| हावेरी | 91 | 28 | 14 | 48 | 80 | 11 | 11 | 34 | 23 | 21 | 10 | 10 |
| कोडागू | 42 | 4 | 5 | 27 | 29 | 11 | 4 | 21 | 12 | 2 | 3 | 7 |
| कोलार | 41 | 37 | 5 | 29 | 28 | 29 | 3 | 22 | 21 | 21 | 4 | 19 |
| कोप्पल | 54 | 19 | 2 | 33 | 34 | 11 | 8 | 26 | 20 | 28 | 28 | 19 |
| मंड्या | 84 | 22 | - | 42 | 73 | 18 | - | 40 | 55 | 16 | 3 | 15 |
| मैसूर | 65 | 20 | 10 | 56 | 65 | 27 | 11 | 53 | 16 | 18 | 14 | 23 |
| रायचूर | 51 | 22 | 4 | 22 | 44 | 14 | 5 | 25 | 14 | 17 | 16 | 17 |
| रामनगर | 60 | 25 | - | 37 | 76 | 25 | 2 | 38 | 21 | 28 | 7 | 20 |
| शिमोगा | 206 | 59 | 13 | 102 | 170 | 57 | 8 | 94 | 63 | 56 | 12 | 57 |
| तुमकुर | 65 | 20 | 10 | 46 | 58 | 28 | 10 | 46 | 25 | 19 | 4 | 22 |
| उडुपी | 208 | 26 | 18 | 118 | 203 | 17 | 10 | 111 | 71 | 22 | 20 | 44 |
| उत्तर कन्नड़ | 161 | 13 | 6 | 78 | 124 | 14 | 2 | 53 | 82 | 23 | 6 | 36 |
| विजयनगर | 4 | 2 | 2 | 5 | 15 | 11 | 7 | 9 | 16 | 20 | 7 | 18 |
| यदगिरी | 44 | 27 | 9 | 22 | 35 | 37 | 4 | 23 | 20 | 34 | 3 | 13 |
| **योग** | **3081** | **1063** | **305** | **1888** | **2587** | **877** | **286** | **1654** | **1134** | **952** | **380** | **883** |